# होटल में चल रही थी नकली शराब की फैक्ट्री

Publish Date:Sun, 23 Feb 2020 07:25 PM (IST)



गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को बगोदर पुलिस ने छापेमारी कर नकली अंग्रेजी मीनी शराब फैक्ट्री का फंडाफोड किया है मौके से एक महिला को हिरासत मे लिया है। जीटी रोड सिरैय मोड के पास स्

बगोदर : जीटी रोड स्थित सिरैय मोड़ के पास होटल में चल रही नकली अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ बगोदर पुलिस ने रविवार को किया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फैक्ट्री में छापेमारी की। एक महिला को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जीटी रोड सिरैय मोड़ के पास स्थित बर्णवाल होटल में नकली अंग्रेजी शराब बनाई जाती है। यहां से शराब तैयार कर होटलों में सप्लाई की जाती है। सूचना पर बगोदर थाना के सअनि रजनीश कुमार, राजकिशोर शर्मा व विजयकांत यादव ने पुलिस बल के साथ उक्त होटल में छापेमारी की।

हिरासत में होटल संचालक की पत्नी : छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, कच्चा स्पिरिट, खाली बोतल व ढक्कन, रैपर आदि जब्त किए गए। मौके से पुलिस ने होटल संचालक की पत्नी को हिरासत में लिया है, जबकि होटल संचालक फरार हो गया। जब्त नकली अंग्रेजी शराब में 375 एमएल रॉयल स्टैग 72 बोतल, 180 एमएल का 187 पीस इम्पीरियल ब्लू, 180 एमएल 635 पीस कच्चा स्पिरिट, 20 लीटर जार में 9 जार तैयार नकली शराब के अलावा 20 लीटर का पांच जार खाली बोतल 1865 पीस, 20 पैकेट अलग-अलग ब्रांड के ढक्कन, झारखंड सरकार का स्टीकर व रैपर शामिल हैं। बगोदर पुलिस ने बताया कि उक्त होटल का संचालक गणेश प्रसाद है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/giridih-duplicate-wine-factroy-20056660.html